आतंकवाद से सुरक्षा तथा विमानन क्षेत्र के लिये भारत और अमेरिका ने सहयोग बढ़ाया

drishtiias.com/hindi/printpdf/india-us-to-enhance-cooperation-in-aviation-security-counter-terror

चर्चा में क्यों ?

भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका ने 'होमलैंड सिक्योरिटी डायलॉग' में विमानन सुरक्षा सहित आतंकवाद और आप्रवासन आदि क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ाने का संकल्प लिया।

प्रमुख बिंदु

- इस वार्ता में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व गृह मंत्रालय की अतिरिक्त सचिव रजनी सेखरी सिब्बल ने किया, जबकि अमेरिकी पक्ष का नेतृत्व जेम्स मैककैंट, उप सचिव, गृहभूमि सुरक्षा विभाग के द्वारा किया गया था।
- यह वार्ता सुरक्षा सहयोग, सीमा शुल्क और आप्रवासन, विमानन सुरक्षा, क्षमता निर्माण से संबंधित मुद्दों पर केंद्रित थी।
- दोनों देश होमलैंड सिक्योरिटी प्रेसीडेंट डायरेक्टिव-6 (एचएसपीडी-6) समझौते के तहत आतंकवादी संगठनों की सूची तैयार करने की प्रक्रिया में हैं और वैश्विक प्रवेश कार्यक्रम (जीईपी) के लिये व्यक्तियों के नाम पर सहमत हुए हैं।
- उल्लेखनीय है कि एचएसपीडी-6 समझौता आतंक से संबंधित जानकारी साझा करने की इज़ाज़त देता है, जबकि जीईपी प्रमुख नागरिकों को आप्रवासन पर जाँच से छूट प्रदान करता है।
- पिछले दो वर्षों में दोनों देशों के संवाददाताओं के बीच कई दौर की चर्चा हुई और दोनों पक्षों ने आतंकवादियों पर डेटा साझा करने के कई महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर अपने मतभेदों को कम कर दिया है साथ ही अमेरिका ने पहले ही 30 देशों के साथ इस तरह के समझौतों को अंतिम रूप दिया है।